Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding water problem in Saharanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): महोदय, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया । मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर में एक बेहट तहसील है, जिसमें दो ब्लॉक्स मुजफ्फराबाद व साढौली कदीम हैं । इन दोनों इलाकों में पथरीली जमीन है और इसका वाटर लेवल भी 500 फीट गहरा है । यहां पीने के पानी की भारी समस्या है । मेरा अनुरोध है कि इस समस्या को हल करने के लिए सरकार इन दोनों इलाकों में, जहां चार लाख की आबादी है, हर ब्लॉक में 10-10 ट्यूबवेल, डीप वेल और हैंड पंप लगवाने का काम करे ।

मान्यवर, इसके अलावा एक बड़ी समस्या यह है कि पानी नीचे होने की वजह से अगर किसान अपना ट्यूबवेल या हैंड पंप लगाता है, तो पथरीली जमीन होने के कारण ट्यूबवेल के नाकाम होने का डर रहता है । इसलिए किसान लोग उस ट्यूबवेल को नहीं लगाते हैं । इसलिए मेरा अनुरोध है कि सरकार वहां पर ट्यूबवेल, हैंडपंप और डीपवेल लगाने का काम करे ।

इसके अलावा सहारनपुर डार्क जोन की लिस्ट में शामिल है । अभी पिछले सप्ताह केन्द्र सरकार की तरफ से ज्वाइंट सेक्रेटरी की एक टीम वहां सर्वे करने गई थी और उन्होंने मुजफ्फराबाद, सधौली कदीम, रामपुर और देवबंद का दौरा किया था । आपसे अनुरोध है कि सहारनपुर लोक सभा क्षेत्र को डार्क जोन की लिस्ट से अलग कराया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

جناب حاجی فضل الرحمٰن صاحب (سہارنپور): محترم، اسپیکر صاحب، آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے آپ کا بہت بہت شکریہ۔ میرے پارلیمانی حلقہ سہارنپور میں ایک بیہت تحصیل ہے، جس میں دو بلاک مظفرآباد اور ساڈھولی قدیم ہے۔ان دونوں علاقوں میں پتھریلی زمین ہے اور اس کا واٹر لیول بھی 500 فیٹ گہرا ہے۔ یہاں پینے ک پانی کی بڑی قلت ہے ۔ میری گزارش ہے کہ اس مسئلہ کو حل کرنے کے لئے سرکار ان

دونوں علاقوں میں ، جہاں چار لاکھ کی آبادی ہے، ہر بلاک میں 10-10 ٹیوب ویل، ڈیپ ویل اور ہینڈ پمپ لگوانے کا کام کرے۔

جناب، اس کے علاوہ ایک بڑا مسئلہ یہ ہے کہ پانی نیچے ہونے کی وجہ سے اگر کسان اپنا ٹیوب ویل یا ہینڈ پمپ لگواتا ہے تو پتھریلی زمین ہونے کی وجہ سے ٹیوب ویل کے ناکام ہونے کا ڈر رہتا ہے۔ اسلئے کسان اس ٹیوب ویل کو نہیں لگاتے ہیں۔ اس لئے میری گزارش ہے کہ سرکار وہاں پر ٹیوب ویل، ہینڈ پمپ اور ڈیپ ویل لگانے کا کام کرے۔

اس کے علاوہ سہارنپور ڈارک زون کی لِسٹ میں شامل ہے۔ ابھی پچھلے ہفتہ مرکزی سرکار کی طرف سے جوائنٹ سکریٹری کی ایک ٹیم وہاں سروے کرنے گئی تھی، اور انہوں نے مظفرآباد، ساڈھولی قدیم، رامپور اور دیو بند کا دورہ کیا تھا۔ آپ سے گزارش ہے کہ سہارنپور لوک سبھا حلقہ کو ڈارک زون کی لِسٹ سے الگ کرایا جائے۔ بہت بہت شکریہ ۔۔